# तेज रफ्तार कार का तांडव बस स्टॉप किया क्षतिग्रस्त

- थाने की वाउंड्रीवाल तोड़कर थाने में जा घुसी
- हादसे के बाद कार में सवार चारों युवक फरार
- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश जारी



नव भारत न्यूज

**इंदौर. पलासिया चौराहे पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार एक कार बेकाबू होकर बस स्टॉप को तोड़ते हुए सीधे पलासिया थाने में घुस गई. हादसे में बस स्टॉप पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया, जबकि कार सवार चारों युवक मौके से फरार हो गए.**

घटना गुरुवार रात करीब 2 से 2.30 बजे के बीच की है. कार साकेत की ओर से तेज गति में आई और सबसे पहले स्मार्ट सिटी के बस स्टॉप, फुटपाथ व रेलिंग को टक्कर मारते हुए थाने की बाउंड्रीवॉल तोड़कर अंदर घुस गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस स्टॉप का पूरा ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया. उसी समय बस स्टॉप के पास एक व्यक्ति सो रहा था, जो बाल-बाल बच गया. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, थाने में भी हड़कंप की स्थिति बन गई. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार में चार युवक सवार थे, जो गाड़ी रुकते ही बाहर निकलकर उसे वहीं छोड़कर भाग गए. पुलिस जांच में कार रतलाम के पिपलौदा निवासी महेश सुथार के नाम पर रजिस्टर्ड है. पलासिया पुलिस ने कार जब्त कर ली है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश की जा रही है. थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि वाहन मालिक से संपर्क कर जानकारी जुटाई जा रही है.

### कई वाहनों को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित कार दुकान में जा घुसी

इधर, जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में भी गुरुवार को एक अन्य हादसा सामने आया. यहां एक युवती कार से नियंत्रण खो बैठी और कार कई दोपहिया वाहनों को टक्कर मारते हुए एक दुकान में जा घुसी. गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ. हादसे के बाद पुलिस पहुंची, लेकिन लोगों ने शिकायत दर्ज कराने से इनकार कर दिया. थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि एमपी 09-एमवाई-1008 नंबर की कार त्रिवेणी कॉलोनी निवासी सौम्या जतिन राजपाल चला रही थी. कॉलेज छात्रा सौम्या टावर चौराहा से अग्रसेन चौराहा की ओर जा रही थी. अग्रवाल स्वीट्स के पास वह घबरा गई और नियंत्रण खो बैठी, जिससे कई दो पहिया वाहनों को टक्कर मारते हुए अनिल हार्डवेयर दुकान में जा घुसी. संयोग से उस समय दुकान बंद थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था, टक्कर में दो पहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए.

# गिट्टी से भरे डंपर ने मां-बेटे को कुचला, मौके पर मौत

- टक्कर के बाद डंपर पलटा, चालक को पकड़ा
- सांवेर क्षेत्र में हुआ हादसा, पुलिस जांच में जुटी

**इंदौर. सांवेर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार गिट्टी से भरे डंपर ने बाइक सवार मां-बेटे को कुचल दिया. हादसे में दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. डंपर इतनी स्पीड में था कि टक्कर के बाद पलट गया. दोनों मां-बेट उसके नीचे दब गए. हादसे के बाद इकट्ठे हुए ग्रामीणों ने आरोपी चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया.**



पुलिस के मुताबिक, देपालपुर के ग्राम नयाखेड़ा निवासी असलम पिता मुख्तयार पटेल (32) अपनी मां मलका बी के साथ चिमली गांव में आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे. दोपहर में बाइक से घर जाते समय सांवेर के पास एक मोड़ पर चंद्रावतीगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही मां-बेटा सड़क पर गिर पड़े. टक्कर के बाद गिट्टी से भरा डंपर भी उनके ऊपर पलट गया, जिससे दोनों नीचे दब गए. हादसा इतना भयावह था कि मौके पर उनकी मौत हो गई. हादसा देखकर मौजूद लोग सिहर उठे.





### शवों को निकालने के लिए बुलानी पड़ी क्रेन

सूचना मिलते ही पुलिस और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शवों को निकालने के लिए क्रेन बुलाई. करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दोनों के शव बाहर निकाले गए. हादसे के बाद भागने की कोशिश कर रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया. पुलिस ने शवों को सांवेर स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया. सांवेर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# एक्सीडेंट के बाद आभार जता रहे दंपती पर हमला

- बीच बचाव करने आई पत्नी के सिर पर भी किया वार
- तीन में से एक आरोपी की हुई पहचान, तलाश जारी

इंदौर. एमजी रोड थाना क्षेत्र में चिमनबाग चौराहे पर बाइक फिसलने के बाद मदद करने वालों को धन्यवाद दे रहे दंपती पर बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया. मारपीट में पत्नी के सिर पर गंभीर चोट आई है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. फरियादी जितेंद्र पिता शंकर गोयल निवासी बालदा कॉलोनी अपनी मां कमलाबाई और पत्नी पिंकी के साथ बाइक से जा रहे थे. चिमनबाग चौराहे के टर्न पर अचानक संतुलन बिगड़ने से उनकी बाइक फिसल गई और तीनों गिर गए. मौके पर मौजूद राहगीरों ने उन्हें उठाया और मदद की. जितेंद्र मदद करने वालों का आभार जता रहे थे और कह रहे थे कि वे ठीक हैं, तभी सड़क की दूसरी ओर से स्कूटी पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे. इनमें एक की पहचान दुर्लभ के रूप में हुई है. आते ही आरोपियों ने जितेंद्र को गालियां देना शुरू कर दिया और विवाद करने लगे. कुछ ही देर में आरोपियों ने जितेंद्र को जमीन पर गिराकर लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी. पति को बचाने आई पत्नी पिंकी गोयल पर भी बदमाशों ने हमला कर दिया. इस दौरान पिंकी के सिर में चोट आई है. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. एमजी रोड पुलिस ने आरोपी दुर्लभ और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

# एक माह पूर्व हुए हादसे में घायल की उपचार के बाद मौत

- अस्पताल से छुट्टी होने के बाद पुन: बिगड़ गई थी हालत
- अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ दिया दम

**इंदौर.** तिलक नगर क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हुए एक व्यक्ति की करीब एक महीने बाद उपचार के दौरान मौत हो गई. अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे दोबारा भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.मृतक यशवंत पिता सुरेश उम्र 45 साल निवासी तिलक नगर 22 मार्च को एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे. हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था. करीब 10 दिन तक चले इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर डॉक्टरों ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया था. परिजनों ने पुलिस को बताया कि घर लौटने के बाद यशवंत स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे, लेकिन अचानक उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई. हालत खराब होने पर उन्हें तुरंत दोबारा अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## एक नजर में

### नि:शुल्क आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**महू.** भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के आंचलिक कार्यालय द्वारा 5 से 10 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिये आशा कला केन्द्र में 15 दिवसीय आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का शुभारंभ योगेश मूंदड़ा (अध्यक्ष, आशा कला केन्द्र) के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती हीरामणी सोनी (प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य) की अध्यक्षता में हुआ. इस अवसर पर भारतीय प्रौढ़ शिक्षा संघ के महासचिव सुरेश खण्डेलवाल विशेष रूप से मौजूद थे. अतिथियों का स्वागत एवं संचालन प्राचार्य श्रीमती कमलेश पिंपलेकर ने किया. इस मौके पर अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशिक्षण सामग्री वितरित की गई. कार्यक्रम के अंत में बच्चों को टॉफियां भी वितरित की गईं. इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य कमलेश मिश्रा, सुश्री पूर्णिमा सेठ, विजय कुमार विजयवर्गीय, मनीष गुप्ता, दिलीप वर्मा, दिनेश जादम आदि उपस्थित थे.

### माउंट लिटरा जी स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया श्रम दिवस



**महू.** माउंट लिटरा जी स्कूलू में श्रम दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों, जिनमें दीदियां, ड्राइवर और कंडक्टर शामिल हैं, के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त किया. कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने गीत-संगीत के माध्यम से अपनी भावनाएं प्रकट कीं, जिससे वातावरण भावुक और प्रेरणादायक बन गया. अभिभावकों ने भी ऑनलाइन संदेशों के माध्यम से कर्मचारियों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया. मुख्य अतिथि विवेक दीक्षित ने अपने संबोधन में विद्यालय के प्रबंधन की हृदय से प्रशंसा की. विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेलों और विशेष भोजन की व्यवस्था की गई, जिसे विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक परिवार द्वारा स्वयं परोसा गया. सभी कर्मचारियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से उपहार भी वितरित किए गए. प्राचार्य राकेश भाटिया एवं चेयरमैन तारिक कुरैशी ने भी कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.

### जीत के इरादों के साथ तैयार मप्र अंडर-20 टीम घोषित



**महू.** इंदौर जिले में विगत 22 दिनों से संचालित अंडर-20 इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल प्रतियोगिता एवं चयन शिविर का समापन हुआ. इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए मप्र अंडर-20 फुटबॉल टीम की आधिकारिक घोषणा की गई. जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष रमेश मेंदोला नेतृत्व में आयोजित इस शिविर ने प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया. एसोसिएशन सचिव अमित रंजन देव के मार्गदर्शन एवं उपाध्यक्ष विद्युत मालेकर की उपस्थिति में 18 सदस्यीय मजबूत एवं संतुलित टीम का चयन किया गया. चयनित टीम के साथ अनुभवी कोच डॉ. सपन बिस्वास (कोलकाता) एवं आशीष पिल्लई (जबलपुर) खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के नारायणपुर के लिए रवाना हुए, इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ के सचिव नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, सुरेश डामोर, इंदौर प्रभारी राकेश सिरसिया, अंकित चिराऊड़े, नितिन चिंतामन, कोच आशीष पिल्लई एवं दीपक चौहान सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे.

# दो पैडलरों से 1 .29 करोड़ की 129 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत बाणगंगा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 129 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोइन) जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.29 करोड़ आंकी गई है. पुलिस ने इस मामले में दो पैडलरों को गिरफ्तार किया है. पुलिस को आरोपियों के किसी बड़े नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका है. बहरहाल, जांच शुरू कर दी गई है.**

पुलिस के अनुसार, रात्रि गश्त के दौरान एमआर-4 रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्र में कार्रवाई की गई. पुलिस टीम संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी, तभी बिना नंबर प्लेट की एक्टिवा से आ रहा युवक पुलिस को देखकर भागने लगा. घेराबंदी कर उसे मौके पर पकड़ लिया. पूछताछ में उसने अपना नाम शिवम सोनी उर्फ सिन्नी उम्र 23 साल निवासी महेश यादव नगर, बाणगंगा बताया. तलाशी में आरोपी के पास से 129 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जो 70 पुड़िया और प्लास्टिक पैकेटों में पैक थी. साथ ही तस्करी में प्रयुक्त बिना नंबर की एक्टिवा और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया.

### तस्करी के अंतरराज्यीय नेटवर्क की जांच कर रही पुलिस



**आरोपी शिवम सोनी पर एनडीपीएस एक्ट के 3 मामले पहले से दर्ज:** आरोपी शिवम सोनी उर्फ सिन्नी उम्र 23 साल निवासी महेश यादव नगर के खिलाफ बाणगंगा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तीन मामले दर्ज है. वहीं आरोपी- अभिषेक सिंह तोमर उम्र 22 साल निवासी न्यू गोविंद कॉलोनी के खिलाफ बाणगंगा थाने में एनडीपीएस के अलावा तीन अन्य मामलों में अपराध दर्ज है.

### दबिश देकर सप्लाई चेन की कड़ियां जोड़ने में जुटी पुलिस

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों से पूछताछ कर रही है. पूछताछ में शिवम ने एक अन्य ड्रग पैडलर अभिषेक सिंह तोमर उम्र 22 साल निवासी न्यू गोविंद कॉलोनी का नाम बताया, उसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपियों से पूछताछ में बड़े ड्रग नेटवर्क के खुलासे की संभावना जताई जा रही है. पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश देकर सप्लाई चेन की कड़ियां जोड़ने में जुटी है. एसीपी रुबिना मिजवानी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से भी एनडीपीएस और अन्य आपराधिक मामलों में केस दर्ज हैं.

## 5 किलो चने की उधारी मांगने पर युवक पर हमला

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र में उधारी के रुपए मांगने पर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया. चार आरोपियों ने मिलकर युवक की पिटाई की और नुकीली वस्तु से वार कर उसे घायल कर दिया. फरियादी देवीदीन साहू निवासी विशाल नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका परिचित रघुराज जायसवाल उससे 5 किलो सिके हुए चने उधार लेकर गया था. काफी समय बीतने के बाद भी रुपए नहीं लौटाए, तो देवीदीन ने उससे उधारी मांगी. इस बात पर रघुराज भड़क गया और गाली गलौज करने लगा. विरोध करने पर उसने देवीदीन के साथ मारपीट शुरू कर दी. इसी दौरान उसके साथी कुन्दन जायसवाल, कुलदीप जायसवाल और विपिन भी वहां पहुंच गए. चारों ने मिलकर देवीदीन को घेर लिया और लात घूंसों से जमकर पीटा. मारपीट के दौरान आरोपी कुन्दन ने नुकीली वस्तु से देवीदीन के दोनों हाथों पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गया.

# दोस्त का पता नहीं बताने पर हमला, बाइक से टक्कर का बदला, आरोपी फरार

- विजयनगर व राजेंद्र नगर में घटनाएं, दो घायल, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** गुरुवार को चाकूबाजी की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आईं. पहली घटना विजयनगर क्षेत्र की है, जहां दोस्त का पता नहीं बताने पर एक युवक को चाकू मार दिया गया, जबकि दूसरी घटना राजेंद्र नगर में हुई, जहां बाइक की टक्कर के बाद बदला लेने की नीयत से दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया. दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, विजयनगर थाना क्षेत्र में बड़ी भमोरी निवासी कुलदीप लश्करी को चाकू से हमला कर घायल कर दिया. कुलदीप एक जूते की दुकान पर काम करता है. एक दिन पहले उसके दोस्त शिव और सार्थक के बीच विवाद हुआ था. गुरुवार को सार्थक अपने साथियों के साथ शिव की तलाश में निकला और रास्ते में कुलदीप के मिलने पर उसे रोक लिया. आरोपियों ने उससे शिव के बारे में पूछताछ की, लेकिन जानकारी न देने पर उस पर चाकू से हमला कर दिया. हमले के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने आरोपियों को कैमरे की ओर इशारा कर चेताया, लेकिन वे बेखौफ रहे और कहा कि पुलिस उनका कुछ नहीं कर सकती. वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए, घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. पुलिस ने सार्थक व उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

उधर, राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में बाइक की टक्कर के बाद बदला लेने के लिए बदमाशों ने सुनील चौहान और उसके दोस्त विशाल पर चाकू से हमला कर दिया. हमले में सुनील को पांच से ज्यादा वार लगे, जबकि विशाल के हाथ में चोट आई है. दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है. पुलिस ने इस मामले में दीपक, हनी प्रधान और राज प्रधान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. तीनों आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीम संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है.

## रिटायर्ड कर्नल के सूने घर में चोरी, लाखों के जेवरात पार

- अलमारी से हीरे जड़े आभूषण और कीमती माला ले उड़े बदमाश

**इंदौर. बड़गोंदा थाना क्षेत्र के गवली पलासिया इलाके में रिटायर्ड सैन्य अधिकारी के सूने घर को चोरों ने निशाना बनाया. बदमाश अलमारी में रखे लाखों रुपए के हीरे और सोने के जेवरात चोरी कर फरार हो गए.**

बेरछा रोड, गवली पलासिया निवासी रिटायर्ड कर्नल संजय बावा पिता लेफ्टिनेंट कर्नल नरेंद्र कुमार बावा के घर यह वारदात हुई. फरियादी के अनुसार घर में रखी अलमारी में कीमती आभूषण रखे थे. मौका पाकर अज्ञात बदमाश घर में घुसे और अलमारी से जेवरात चोरी कर ले गए. चोरी गए सामान में एक हीरा जड़ा सोने का कंगन, दो हीरे जड़ी सोने की अंगूठियां, एक हीरा जड़ा सोने का टॉप्स, एक सोने की चेन और रूबी की आठ लड़ी वाली कीमती माला शामिल है. चोरी गए जेवरों की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है.

घटना का खुलासा तब हुआ, जब परिवार ने अलमारी चेक की और सामान गायब मिला. बड़गोंदा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है.

## चाय दुकान संचालक ने युवक को डंडे से पीटा

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में चाय दुकान संचालक ने विवाद के चलते एक युवक को डंडे से पीट दिया. फरियादी मनोहर मकवाना पिता रमेश मकवाना निवासी इंदिरा नगर, ढाबली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि उनका भाई अनीश मकवाना मांगलिया रेलवे स्टेशन के पास था. इसी दौरान एक परिचित का फोन आया, जिसमें बताया गया कि वहां एक चाय वाला अनीश के साथ मारपीट कर रहा है. सूचना मिलते ही मनोहर मौके पर पहुंचे. उन्होंने देखा कि आरोपी राजकुमार पंवार, जो ढाबली का रहने वाला है और चाय की दुकान चलाता है, अनीश को गालियां देते हुए लकड़ी के डंडे से पीट रहा था. मनोहर को आते देख आरोपी डंडा फेंककर मौके से फरार हो गया.

**एक नजर में** | जल स्तर गिरने से बोरिंग सूख रहे, कई बस्तियों में पानी के लिए जद्दोजहद

# भीषण गर्मी के चलते शहर में पानी की किल्लत से लोग परेशान




**इंदौर.** भीषण गर्मी के चलते शहर में जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है. अधिकांश वार्डों में पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं. कई वार्ड तो ऐसे हैं, जहां लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं. सुबह से शाम तक पानी की जद्दोजहद में यहां-वहां भटकते रहते हैं. या तो पड़ौस के मोहल्लों से या दूर-दूर से पानी लाकर गुजारा कर रहे हैं. गर्मी के चलते भूजल स्तर कम होने से बोरिंग में भी पानी आना बंद हो गया है.

शहर के वार्ड क्रमांक 64 के दुर्गा नगर क्षेत्र में भी पानी की गंभीर समस्या ने रहवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. क्षेत्र में नर्मदा जल सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी है जबकि मोहल्ले में लगा बोरिंग भी पिछले दो माह से बंद पड़ा हुआ है. ऐसे में लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. रहवासियों का आरोप है कि नगर निगम द्वारा पानी वितरण के लिए भेजे जाने वाले टैंकरों से खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है. आरोप है कि टैंकर चालक शुल्क लेकर चुपचाप चुनिंदा घरों में पानी डाल रहे हैं, जबकि बाकी लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं. क्षेत्रवासियों ने कई बार जोन कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला. रहवासियों ने क्षेत्रीय पार्षद पर भी उपेक्षा का आरोप लगाया है, उनका कहना है कि शिकायतों के बावजूद न तो पार्षद ने ध्यान दिया और न ही निगम अधिकारियों ने समस्या का स्थायी निराकरण किया.

### रहवासियों का कहना...



नलों से मात्र 10 मिनट पानी आता है, वो भी दूषित होता है. महिलाएं, बच्चे दूसरे क्षेत्र में निजी बोरिंग वालों के यहां से थोड़ा-बहुत पानी लाकर गुजारा कर रहे हैं, कई जगह तो उन्हें मना कर दिया जाता है.
**- कविता वर्मा**



पानी का बिल भरने के बावजूद सुविधा नहीं. वोट इसलिए देते हैं कि पूरी सुविधा हमें मिल सके. निगम के टैंकर कब आते हैं, कहां जाते हैं, कुछ भी पता नहीं चलता. ड्राइवर पैसे लेकर पानी दे रहे हैं.
**- सोनम चौहान**



दो महीने से पानी के लिए बहुत परेशान हैं, मोहल्ले का बोरिंग भी बंद पड़ा हुआ है, पानी के लिए मूसाखेड़ी, तीन इमली तक जाना पड़ता है. हमारी समस्या कोई सुनने को तैयार नहीं है.
**- सुगना पवार**



निगम के टैंकर की सुविधा हमें बिल्कुल नहीं मिलती. पार्षद को बोलने पर टेंकर भेजते हैं, लेकिन हम तक नहीं पहुंचता. हर रोज बर्तन लेकर इधर-उधर भटकना पड़ता है. पूरा क्षेत्र परेशान है.
**- सेवन्ती बाई**